



# सवाल-आरोपी को जेल क्यों भेजा, रिमांड पर क्यों नहीं लिया

**खास बातें**

- वीडियो बनाने वाले दो लोंगो को हिरासत में लिया
- षड्यंत्र का शीघ्र हो खुलासा - जैन समाज, जिला कांग्रेस सहित अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन





नवभारत न्यूज

**विदिशा 27 अक्टूबर, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता विमल तारण पर हुए हमले के विरोध में साजिशकर्ताओं का शीघ्र खुलासा किए जाने की मांग को लेकर सोमवार को नगर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और अधिवक्ता संगठनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन सौंपने वालों में जिला सकल जैन समाज महिला समिति, जिला सकल जैन समाज समिति, वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश, जिला कांग्रेस कमेटी, टैक्स बार एसोसिएशन और जिला अभिभाषक संघ के अधिवक्ता शामिल थे.**

सुबह लगभग 11 बजे प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा, किंतु उस समय कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं होने से उन्हें कुछ देर इंतजार करना पड़ा. बाद में पुलिस अधीक्षक के पहुंचने पर ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शिवराज सिंह के खिलाफ नारे लगाते हुए विदिशा में बढ़ते गुंडाराज पर आक्रोश व्यक्त किया और विमल तारण पर हुए हमले की साजिश का शीघ्र खुलासा करने की मांग की. जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने कहा कि जिन व्यक्तियों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है, उनकी भी जांच कराई जाए और साजिशकर्ताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए. उन्होंने यह भी मांग रखी कि अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों के मद्देनज़र प्रदेश में 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' लागू करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. श्री शर्मा ने यह भी कहा कि कोई भी अधिवक्ता इस प्रकरण के आरोपी की पैरवी नहीं करेगा. अधिवक्ता श्री दंडोतिया ने सवाल उठाया कि आरोपी को जेल क्यों भेजा गया, उसका रिमांड क्यों नहीं लिया गया.वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यदि साजिश का खुलासा होता है तो पुलिस का सम्मान करेंगे, अन्यथा विधानसभा तक इस मुद्दे को उठाया जाएगा. इस अवसर पर विमल प्रकाश तारण की धर्मपत्नी भी उपस्थित रहीं. उन्होंने भावुक होकर कहा मेरे दोनों बच्चे विदेश में हैं, मैं और मेरे पति यहां अकेले रहते हैं. यदि साजिशकर्ताओं का खुलासा नहीं हुआ और मेरे पति को कुछ हो गया, तो मैं कलेक्ट्रेट परिसर में ही आत्महत्या कर लूंगी. वहीं, सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने घटना से जुड़े वीडियो बनाने वाले दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा.



## स्मार्ट मीटर का पहले हुआ विरोध, अब गिना रहे फायदे

**लगेंगे 1 लाख 26 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 27 अक्टूबर**, मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत विदिशा जिले में 1 लाख 26 हजार 327 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाएंगे. जिसमें से अब तक 26 हजार 817 से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा चुके हैं. बताया गया कि स्मार्ट मीटर से अनेक फायदे हैं, जैसे रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं होती है, मीटर रीडर भी घर पर रीडिंग लेने नहीं आता है, ऑटोमैटिक सटीक व पारदर्शी रीडिंग होती है. उपभोक्ता रियल टाइम खपत का डाटा भी देख सकते हैं. अगले महीने कितना बिल आ सकता है, यह फॉरकास्ट भी उपाय एप के माध्यम से देख सकते हैं. यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक अनिल कुमार खत्री ने कही. इस अवसर पर महाप्रबंधक स्मार्ट मीटरिंग सेल सीके पवार, महाप्रबंधक विदिशा वृत्त सत्येन्द्र मौर्य, उपमहाप्रबंधक ग्रामीण अरविंद कुमार वर्मा, उपमहाप्रबंधक बासौदा डिवीजन राजू भाभोर,जिला जनसंपर्क अधिकारी बीडी अहिरवाल उपस्थित थे. पवार ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद परिसर में रीडिंग लेने आने की जरूरत नहीं होती है, ऑटोमेटिक सटीक रीडिंग होती है.

**रोजाना की खपत देखी जा सकती है, अगले महीने के बिल का भी अंदाजा लगाया जा सकता**

उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की विद्युत खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया कि दैनिक के साथ दृसाथ सप्ताहिक अथवा मासिक खपत आसानी से देखी जा सकती है, और बिजली की कितनी खपत हो रही है, अगले महीने उसका कितना बिल आ सकता है, उसका पूर्वानुमान भी आसानी से लगाया जा सकता है. सटीक रीडिंग होने के बाद प्रतिमाह 1 तारीख के बाद मोबाइल अथवा ईमेल पर बिल जारी किया जाता है. वहीं स्मार्ट मीटर के माध्यम से अपने घर का लोड देख सकते हैं. इसके साथ ही उपाय एप के स्मार्ट मीटर में इंडिकेटर के माध्यम से यह अंदाजा लगाया जाना आसान हो गया कि किस-समय, किस प्रकार के उपकरण चलाए गए ताकि हरी लाइन से पता चल सकता है कि उस दौरान कितनी बिजली खपत हुई स्मार्ट मीटर हर पंद्रह मिनिट में डाटा अपडेट करता है.जिससे उपभोक्ता स्वयं भी अपनी खपत को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और गैरजरूरी उपकरणों को बंद करके ऊर्जा की बचत कर सकते हैं.

**पहले हो चुका विरोध, लाखों के आए बिल, अब बता रहे फायदे**

शुरूआत में जब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे उस समय कई उपभोक्ताओं बिल बढ़ कर आ रहे थे. जिसके बाद जिले भर में विरोध हुआ था कई जगहों पर मीटर लगवाने से मना कर दिया गया था. कुछ जगहों पर मीटरों को आग के हवाले भी किया गया था. इस सवान पर कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि करीब 105 शिकायतें आईं थी पुराने मीटर और नए मीटर में बिलों का सही से सामांजस नहीं हो पाया था जिसमें कुछ कर्मचारियों की गलती थी उनको सस्पेंड कर दिया गया.

**एक नजर में**

### सिरोंज में फिर हुई बूंदाबांदी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज क्षेत्र में सोमवार को भी कई जगह बूंदाबांदी एवं हल्की बारिश हुई. वही क्षेत्र में दिनभर आसमान में बादल छाये रहे. तापमान में कमी रहने से मौसम सुहावना रहा.क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से मौसम में बदलाव दिख रहा है. क्षेत्र में इन दिनों आसमान में बादलों का डेरा है. जिससे दिन में सूरज की बादलों में लुकाछिपी चल रही है. तो वही कई बार बूंदाबांदी एवं बारिश हो रही है. सोमवार को आसमान में दिनभर बादलों का डेरा रहा. इस दौरान दिन में सूरज बादलों की ओट में रहा. जिससे दिन में धूप नहीं निकलने से रोशनी कम रही. सिरोंज क्षेत्र में कई जगह बूंदाबांदी एवं हल्की बारिश हुई. जिससे तापमान में काफी गिरावट दिखी.

## चाय पर की चर्चा और चलते बने, चाय वाला लगा रहा चक्कर

**आरोप- खाद्य विभाग चाय-कॉफी वाले के डकार गया 15 हजार 320 रुपए**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्ट्रेट में मई के महीना में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के दौरान खाद्य विभाग द्वारा अतिथियों और अफसरों को चाय-कॉफी पिलवाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में ही आटो खड़ा करके चाय बेचने वाले गरीब को चाय-कॉफी का आर्डर देकर चाय-कॉफी तो पिलवा दी लेकिन जितनी संख्या में चाय-कॉफी आयोजन के दौरान लगी उसके अनुपात में खाद्य विभाग ने चाय-कॉफी बेचने वाले का पूरा पैसा देने में आनाकानी कर रहा है. चाय-बेचने वाला राजेन्द्र राय चाय-कॉफी का पूरा पैंमेंट करवाने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो चुका है.आर्थिक स्थिति से जूझ रहे राजेन्द्र राय अब कलेक्टर से गुहार लगाने की बात कह रहा है.

**12 मई को हुआ था आयोजन**

चाय बेचने वाले राजेन्द्र राय का आरोप है कि 12 मई 2025 को कलेक्ट्रेट में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ था जिससे खाद्य विभाग के एक अधिकारी के मौखिक आदेश पर चाय-कॉफी की व्यवस्था करवाई थी। जिसमें 1032 चाय प्रति 10 रुपए चाय एवं 1000 चाय प्रति 10 रुपए चाय एंव 200 कॉफी प्रति कॉफी 10 रुपए के हिसाब से लगाई थीं। जिनकी कुल भुगतान 22 हजार 320 रुपए किया जाना था जिसमें से सिर्फ 7 हजार रुपए का भुगतान उसे किया गया है. जबकि उसे 15 हजार 320 रुपए की राशि का भुगतान शेष रह गया है। शेष राशि के भुगतान के लिए वह बार-बार खाद्य विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है.लेकिन गरीब का भुगतान करने में खाद्य विभाग आज भी आनाकानी कर रहा है. राजेन्द्र राय अब थक-हारकर शेष राशि के लिए आज मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर से शेष राशि का भुगतान करवाने के लिए गुहार लगाने की बात कह रहा है.

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में सिरोंज के खिलाड़ी दिखायेंगे हुनर

**17 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होने रवाना**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज के खिलाड़ी छात्र- छात्रायें राज्य स्तरीय शालेय हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शामिल होंगे. इस संबंध में जानकारी देते हुए केशव शर्मा ने बताया कि 14 वर्ष बालिका एवं 19 वर्ष बालक, बालिका राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक ग्वालियर में एवं 14 वर्ष बालक हॉकी टीकमगढ़ तथा वेटलिफ्टिंग 17 वर्ष व 19 वर्ष बालक बालिका इंदौर में आयोजित होगी. राज्यस्तरीय शालेय प्रतियोगिता में विकासखंड सिरोंज के विद्यालयों के 17 बालक, बालिका हॉकी नोडल सेंटर के कोच रितेश केवट एवं शिवम भास्कर के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करने के लिए सोमवार को सिरोंज से भोपाल रवाना हुए. छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षाधिकारी उमेश कुमार सोनी, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार, कन्या उ.मा.विद्यालय सिरोंज के प्राचार्य प्रमोद जैन, शा.मॉडल स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र बघेल, खेल शिक्षक शान मिया, खेल शिक्षक जमशेद खान, केशव शर्मा, प्रगति केवट एवं स्टाफ के सदस्यों ने छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं छात्र, छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की.

**यह खिलाड़ी होंगे शामिल**

केशव शर्मा ने बताया कि 19 वर्ष बालिका हॉकी में सांदीपनि विद्यालय की इशिका चक्रवर्ती, सिमरन विश्वकर्मा, कन्या उ. मा.विद्यालय सिरोंज की अस्मिका कुशवाह, सपना अहिरवार, मुस्कान अहिरवार शामिल होंगी. 19 वर्ष बालक में सांदीपनि विद्यालय सिरोंज के इबाद अंसारी, सिद्धार्थ कुशवाह एवं रेहान खान शामिल होंगे. 14 वर्ष बालिका में सांदीपनि विद्यालय सिरोंज की कीर्ति विश्वकर्मा, निशा कुशवाह, पूनम वंशकार तथा टीकमगढ़ में 14 वर्ष बालक हॉकी में सांदीपनि विद्यालय सिरोंज के सुरेंद्र अहिरवार, कुणाल शाक्य, अजय अहिरवार, रोशन अहिरवार एवं वेट लिफ्टिंग 17 वर्ष बालक में सांदीपनि विद्यालय सिरोंज के सचिन अहिरवार, शा. मॉडल स्कूल के अजय शामिल होंगे.

## 15 दिन का था वादा- न मिले पट्टे, फिर मिला आश्वासन

**पक्के मकान और पट्टे के लिए जतरापुरा के रहवासियों ने दिया धरना**



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जतरपुरा के रहवासी पिछले कई सालों से पट्टों की मांग करते आ रहें है लेकिन आज तक पट्टा नहीं मिला है. इसके लिए कई बार धरना और ज्ञापन दिया जा चुका था. लेकिन सुनवाई नहीं हुई. पिछली बार भी कलेक्टोरेट में धरना दिया था जिस पर अधिकारियों ने धरना दिया गया था.सोमवार को रहवासी पक्के मकान की आस लिए जमीन पर पट्टे दिलाए जाने की मांग कर रहे हैं. उनके साथ बैठे आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि पिछली बार भी वह रहवासियों के साथ धरने पर बैठे थे. अधिकारियों ने समझाइए और आश्वासन दिया उसके बाद हमने धरना खत्म किया था. उस आश्वासन के बाद अब 15 दिन से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई ना ही किसी को पट्टे दिए गए इसलिए सभी रहवासियों के साथ वह भी दोबारा धरने पर बैठे हैं और रात भर यही बैठने की तैयारी कर के आए हैं.

### विधायक द्वारा सांसद खेल महोत्सव की समीक्षा बैठक की गई

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, विधानसभा सांसद खेल महोत्सव के संबंध में विधायक मुकेश टण्डन द्वारा सांसद खेल महोत्सव के नाम के गरीमा अनुरूप संपन्न कराने के संबंध में निर्देश दिये गये. सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री मनसुक मंडाविया मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माननीय कपिल देव द्वारा किया जाएगा. 30 अक्टूबर को खेल स्टेडियम में सभी को अपने गांव से खिलाडियों की टीम लाना, खेल प्रेमियो को लाना जिससे कि सभी खेल महोत्सव का आनंद ले सके एवं जनप्रतिनिधि को खेल स्टेडियम में आमंत्रित करते हुये उनकी गरीमामयी उपस्थिति सुनिश्चित करना. बैठक में विधायक के साथ जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य धनराजसिंह दांगी बैठक में उपस्थित रहे.

## ग्राहक पंचायत का प्रांतीय अभ्यास वर्ग संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का दो दिवसीय प्रांतीय अभ्यास वर्ग राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस एंव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक पाण्डे के आतिथ्य में संपन्न हुआ.प्रदेश के नौ जिलों के पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने कहा संगठन की पहचान उसके कार्य से होती है.हमारा कार्य ग्राहक की दृष्टि खोलना एंव उसका शोषण रोकना है.**

कार्यकर्ता के व्यवहार में शिष्टाचार एंव संपर्क बनाकर कार्य करना चहिए.राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक पाण्डे ने स्वदेशी की आवश्यकता बताई. उन्होंने कहां हमारे अंदर स्वदेशी का भाव आना चाहिए. स्वभाषा, स्वराष्ट्र के साथ धर्मानुकूल धन अर्जन का भाव होना चाहिए. प्रशांत ग्वालियरी ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एंव सूचना अधिकार अधिनियम, दीपक श्रीवास्तव ने कोष प्रंबधन, राजेश दांगी ने आर्थिक स्वावलंबन, सुनील धनकर ने सोशल मीडिया पर जागरूकता, वंदना सैनी ने महिला आयाम जागरूकता, अर्जन कुशवाह ने स्व-रोजगार, देवेन्द्र भार्गव ने संगठन की उपयोगिता,अनिल श्रीवास्तव ने संगठनात्मक ढांचा,राजनारायण भारद्वाज ने पर्यावरण संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया.कार्यक्रम के अंतिम सत्र में साइबर क्राइम एंव जागरूकता विषय पर अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने साइबर क्राइम के विभिन्न तरीके एंव उनके बचाव के तरीकों पर बताया, उन्होंने किसी काल पर जल्दबाजी एंव घबराहट से काम करने के बजाए जागरूकता पर काम करें.



## मारपीट करने वालों पर कार्यवाही की मांग

**एसपी को दिया शिकायती आवेदन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**पिछले दिनों नटेरन में माझी रैकवार समाज के एक परिवार और उनके सदस्यों पर वहां के दबंग केदार समाज के लोगों द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया था.पुलिस पर आरोप है कि दबंग परिवार के चलते सही कार्रवाई नहीं की गई . इसी को लेकर समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम और एसपी के नाम ज्ञापन दिया गया.

**समस्या** | नगर परेशानी से जद्दोजहद करते नागरिक, फैली गंदगी

# स्वच्छता के खोखले दावे, गंदगी से जूझता सांची



नवभारत न्यूज

**सांची,एक ओर स्वच्छता अभियान के बड़े-बड़े दावे और रैलियों के जरिए जागरूकता फैलाने के प्रयास जारी हैं, वहीं दूसरी ओर सांची नगर के अधिकांश क्षेत्र आज भी गंदगी की चपेट में हैं.स्वच्छता का यह अभियान अब तक केवल कागजों और नारों तक सीमित दिखाई देता है.परिणामस्वरूप नगरवासी गंदगी से उत्पन्न बीमारियों की जद में आने को विवश हैं.**

सांची की ऐतिहासिक और पर्यटन दृष्टि से महत्ता को देखते हुए नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए शासन-प्रशासन द्वारा कई वर्षों से करोड़ों रुपये व्यय किए जा चुके हैं.अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों की रैलियाँ निकालकर स्वच्छता के संदेश दिए जाते रहे हैं, किंतु धरातल पर स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ है.

नगर के अनेक क्षेत्रों में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहता दिखाई दे जाता है, कहीं कहीं कचरे के ढेर भी खुलेआम पड़े दिखाई दे जाते है और सफाई के लिए गंभीर होने की जरुरत मेहसूस की जा रही हैं सफाईकर्मियों की लंबी फौज और दर्जनों वाहनों की उपलब्धता के बावजूद नगर की स्वच्छता केवल औपचारिकता बनकर रह गई है.स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में कुछ क्षेत्रों को सफाई की दरकार बनी हुई है.आज भी स्वच्छता की दरकार है तथा शिकायतें करने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं.इस गंदगी से मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है.नगर परिषद की 15 सदस्यीय परिषद में जहाँ 14 पार्षद सत्तारूढ़ दल से हैं और एक पार्षद विपक्ष का है, वहाँ पूर्ण बहुमत के बावजूद स्वच्छता और विकास का आज भी लोगों को इंतजार है विकास के लिए प्रशासन को गंभीरता से इस ओर ध्यान देने की जरुरत है योजनाएँ धरातल पर उतरने का इंतजार कर रही हैं , जबकि नागरिक अब भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्षरत हैं.

नागरिकों की अपेक्षा है कि स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से अपेक्षा जताई है कि नगर में गंदगी स्थलों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो और स्थायी समाधान के लिए नालियों एवं कचरा निस्तारण व्यवस्था में ठोस सुधार किए जाएँ. साथ ही नागरिकों ने अपील की है कि सांची जैसे ऐतिहासिक नगर की गरिमा बनाए रखने के लिए स्वच्छता को केवल प्रचार नहीं, बल्कि प्राथमिक जिम्मेदारी बनाया जा सके.

## इंसाफ मांगने विदिशा से भोपाल की पैदल यात्रा

**प्रदेश के मुख्यमंत्री से इंसाफ की गुहार लगाने निकला दलित परिवार**




नवभारत न्यूज

**विदिशा, स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली से परेशान होकर प्रदेश के मुखिया सीएम मोहन यादव से मिलने भोपाल तक की पैदल यात्रा की जा रही है. एक ऐसा मामला विदिशा में देखने को मिला जहां विदिशा का एक दलित परिवार अपने पूरे परिवार के साथ विदिशा से भोपाल पैदल यात्रा के लिए निकल पड़ा परिवार में महिलाएं भी शामिल है.**

इस संबंध में जब दलित परिवार के मुखिया विक्रम अहिरवार से बात की गई तो उसका कहना था कि वह स्थानीय पुलिस की कार्य प्रणाली से परेशान है. उसे आए दिन झूठे केस में फसाने की धमकियां मिल रही है उसका कहना है कि जनवरी में उसके द्वारा लोकायुक्त में रिश्वत देने की शिकायत की गई थी शिकायत के चलते दिशा में लोकायुक्त द्वारा एक कर्मचारी पर करवाई भी की गई लेकिन बह सेटिंग करके पुलिस लाइन में अटैच हो गया .और इस समय से उसे झूठे केस में फसाने की लगातार धमकियां मिल रही है. स्थानीय स्तर पर गुहार लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है.